9. बाल बैडमिन्टन
10. क्रिकेट
11. कैरम
12. शतरंज
13. घुड़सवारी
14. साइक्लिंग
15. एथलेटिक्स
16. जिम्नास्टिक्स
17. कबड्डी
18. कुश्ती
19. भारतीय ढंग की कुश्ती
20. जूडो
21. टेनी कोइट
22. रोइंग
23. फटबाल
24. गोल्फ
25. हैंडबाल
26. खो-खो
27. मोटर खेल
28. पावर लिफ्टिंग
29. पोलो
30. निशानेबाजी
31. स्क्वाश राकेट्स
32. तैराकी
33. टेबल टेनिस
34. लॉन टेनिस
35. वालीबाल
36. भारोत्तोलन
37. नौकायन
38. साइकिल पोलो
39. हाकी
40. साफ्ट बाल

**बिहार में बैद्यनाथ धाम का विकास**

259. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैद्यनाथ धाम अखिल भारतीय महत्व का तीर्थ स्थल होने के बावजूद भी केन्द्रीय सरकार ने सुलतान गंज में अजगैवीनाथ महादेव पर स्नान करने और वहां से गंगाजल ले जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है तथा पूरे मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर कहीं भी ठहरने के स्थानों की व्यवस्था नहीं की है ;

(ख) क्या सरकार ने यात्रियों को सुविधाएं प्रदान कराने के लिए कोई योजना बनाई है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) :** (क) केन्द्रीय पर्यटन विभाग को, सुल्तानगंज वैद्यनाथ धाम मार्ग में सुविधाओं के सृजन हेतु सहायता करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ ।

तथापि, बिहार सरकार ने सुल्तानगंज में गंगा पर स्नान के लिए पक्का घाट तथा वैद्यनाथ धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर 11 धर्मशालाओं का निर्माण किया है । राज्य सरकार सातवीं योजना अवधि के दौरान सुल्तानगंज में एक धर्मशाला के निर्माण का भी प्रस्ताव कर रही है । तीर्थ यात्रा की अवधि के दौरान इस मार्ग पर कुछ अन्य भवनों का भी तीर्थ-यात्रियों द्वारा धमशालाओं के रूप में उपयोग किया जाता है ।

(ख) और (ग) बिहार सरकार ने धर्मशालाओं के निर्माण के लिए भारतीय यात्री आवास विकास समिति को देवगढ़ में एक भूखंड अर्पित करने का प्रस्ताव किया है । समिति प्रस्ताव पर कार्यवाई कर रही है ।

**प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाना**

260. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या प्रधान मंत्री 28 मार्च, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1237

के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को तटीय क्षेत्रों के निकट रहने वाले युवकों में से प्रतिभावान तैराकों तथा तीरंदाजी के संबंध में आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में से प्रतिभावान तीरंदाजों का पता लगाने और उन्हें प्रशिक्षित करने की संभावनाओं के संबंध में विभिन्न खेल महासंघों से कोई "की-गई-कार्यवाही संबंधी प्रतिवदन" प्राप्त हुआ है ; और

(ख) क्या सरकार ऐसे व्यक्तियों को खेलों के प्रति जागरूक बनाने की दृटि से उपलब्ध जन प्रचार माध्यमों का उपयोग करने का विचार रखती है ?

**युवक कार्यक्रम और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) जी नहीं ।

(ख) जी, हां ।

## New aircraft for Indian Airlines and Air India

261. SHRI SUSHIL CHAND MOHUNTA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government propose to add some passenger aircraft to the fleet of Indian Airlines and Air India;

(b) if so, what are the details thereof and the expenditure involved; and

(c) to what extent the existing capacity in the fleet is presently being utilised by Air India and how does the present capacity utilisation justify buying more aircraft for the two major airlines?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) and (b) Yes, Sir. Air India, with the approval of the Government, has signed an greement with M/s. Airbus Industries for the purchase of 6 Airbus A. 310-300 aircraft, at a total estimated cost of Rs. 541.90 crores including a foreign exchange component of Rs. 478.98 crores, with a delivery schedule from April, '86 to December, 1986.

Indian Airlines have placed a letter of intent on M/s. Boeing Company for the purchase of 12 Boeing-757 aircraft. Government have, however, yet to take a final decision on the purchase of aircraft for Indian Airlines.

(c) The utilisation of the fleet of Air India compares favourably with that of other international operators.

Acquisition of more aircraft for the two air corporations is necessary for the purpose of replacing ageing aircraft and for meeting the anticipated growth in traffic.

## श्रीलंका से आये तमिल शरणार्थियों का माना शिविरों में पुनर्वास

262. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या श्रीलंका से आए तमिल शरणार्थियों को मध्य प्रदेश स्थित माना शरणार्थी शिविरों में पुनर्वास प्रदान करने का विचार है ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि इस संबंध में माना शिविरों के प्रशासकों से परामर्श किया गया है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :** (क) आशा की जाती है कि श्रीलंका से आये शरणार्थी परिस्थितियां सामान्य होते ही उस देश में वापस चले जाएंगे । अतः उनको पुनर्वास प्रदान करने का प्रश्न नहीं उठता ।

(ख) फरवरी, 1985 में श्रीलंका से अचानक अधिक संख्या में शरणार्थियों के आ जाने के फलस्वरूप वहां से आये शरणार्थियों के आवास के लिए मध्य प्रदेश ने माना पारगमन केन्द्र समूह को पुन: चालू करने के प्रश्न पर मध्य प्रदेश सरकार के साथ परामर्श करके